दैनिक **न्याय साक्षी**

**खबरें खास**

रायगढ़, रविवार 07 अप्रैल 2024

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### लैलूंगा में घुसे 1 नर हाथी को वन विभाग ने निकाला शहर से बाहर

**रायगढ़।** लैलूंगा में एक हाथी घुस आया। जिसकी सूचना मिलने पर वन विभाग टीम ने हाथी को शहर से बाहर जंगल की ओर सुरक्षित निकाला लिया है। हाथी के शहर में आने के दौरान किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है। वन अमले के द्वारा हाथी के मूवमेंट को ट्रैक किया जा रहा है। हाथी पाकरगांव की ओर निकला है। इस बारे में जानकारी देते हुए एसडीओ फॉरेस्ट एम एल सिदार ने बताया कि एक नर हाथी देर शाम लैलूंगा शहर में पहुंचा। जिसे सुरक्षित निकाल लिया गया है। हाथी अब पाकरगांव से रूदुकेला की ओर आगे बढ़ा है। वन विभाग की ओर से एक रेंजर और दो डिप्टी रेंजर, 3 हाथी ट्रैकर सहित 15 वन कर्मियों की टीम हाथी के मूवमेंट को ट्रैक करते हुए साथ चल रही है। इस दौरान किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है।

### रिटायर्ड पीआरओ के घर से लाखों का माल पार

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** सुपेला थाना क्षेत्र में निवासरत एक सेवानिवृत्त अधिकारी के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी 2 लाख पार कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अशोक पहाडिय़ा जनसंपर्क विभाग में जनसंपर्क अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और वर्तमान में अपने सुहेला स्थित निवास में रहते थे। प्रार्थी पंकज पाटनी ने मामले की शिकायत सुपेला थाने में दर्ज कराई है। उसने बताया कि अशोक पहाडिय़ा उसके ससुर हैं। वो पूरे परिवार को साथ 11 मार्च को विदेश गए हुए हैं। इस दौरान उनके सुपेला स्थित मकान में ताला लगा हुआ है। घर की देखरेख के लिए उन्होंने नरेश नाम के एक युवक को चौकीदारी के लिए रखा हुआ है। नरेश को चौकीदारी पर अशोक पहाडिय़ा के दोस्त कन्हैया साहू के द्वारा रखा गया है। पंकज ने बताया कि नरेश रोज की तरह 4 अप्रैल की रात 9.30 बजे चौकीदारी के लिए जब अशोक पहाडिय़ा के घर पहुंचा तो देखा कि घर के सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। उसने तुरंत इसकी जानकारी कन्हैया साहू को जाकर दी। कन्हैया साहू तुरंत आए और देखा कि घर के बाहर लगा लोहे का मेन गेट का ताला लूटा हुआ है। अदर जाकर देखा तो रूम में रकी आलमारी का ताला टूटा है और सारा सामान बिखरा पड़ा है।

### मैदानी अमले ने बुझाई जंगल में लगी आग

**कोरबा (आरएनएस)।** गर्मी के मौसम में अलग-अलग कारणों से जंगलों में लगने वाली आग से वन विभाग की चुनौतियां बढ़ी हुई है। बालकोनगर रेंज के अंतर्गत आने वाला भटगांव के जंगल में लगी आग पर किसी तरह नियंत्रण कर लिया गया। अन्य क्षेत्रों में भी निगरानी रखी जा रही है। बालकोनगर रेंजर जयंत सरकार ने बताया कि भटगांव के जंगल के एक हिस्से में आग लगी थी। हवा के संपर्क में आने के साथ इसका दायरा और बढ़ गया। आसपास में लगे कुछ पेड़-पौधों को इसमें नुकसान पहुंचा है। सूचना प्राप्त होने पर विभाग की टीमें सक्रिय हुई। उपलब्ध संसाधन और तौर-तरीके का उपलब्ध कर जंगल में लगी आग को नियंत्रित कर लिया गया है। आसपास के क्षेत्र में आग न लगे, इसका ध्यान रखा जा रहा है। सरकार ने बताया कि सामान्य तौर पर इस मौसम में पेड़ों के आपस में टकराने के कारण जंगलों में आग लगती है जबकि तेंदूपत्ता और महुआ के लालच के चक्कर में भी संबंधित लोग आग लगा दिया करते हैं। इसके पीछे उनका अपना मिथक है। हालांकि वन विभाग ने सडक से लगे इलाकों में बिखरी पत्तियों को समाप्त करने का काम किया है। ऐसा होने पर यहां से लगने वाली आग आगे नहीं बढ़ पाती। रेंजर के अनुसार फारेस्ट अमले के अलावा वन सुरक्षा समितियां भी अपने क्षेत्र में सतर्कता बरत रही है। जागरूक लोगों का सहयोग भी इस प्रकार की घटनाओं को रोकने और जंगलों को बचाने के लिए लिया जा रहा है।

# लोक सभा निर्वाचन-2024... प्रशिक्षण पर दें ध्यान, निर्वाचन कार्य है आसान- उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय

## अपर कलेक्टर पाण्डेय ने मतदान दलों की ट्रेंनिग का किया निरीक्षण

**रायगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, रायगढ़ में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।





अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय ने सभी मतदान दलों को निर्वाचन कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण कार्य है, अत:निर्वाचन के प्रत्येक प्रक्रिया की बेहतर जानकारी ले। साथ ही मतदान दिवस हेतु निर्धारित सभी प्रक्रिया में सतर्कता रखें, जिससे निर्वाचन का कार्य निर्विघ्न पूर्ण हो सके। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रश्न अवश्य करें। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को पूर्ण मनोयोग से ट्रेनिंग प्राप्त करने को कहा।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरणों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रश्न भी पूछे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य को आसान बनाने के लिए पूरे दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, इसका सभी लाभ लें और अधिक से अधिक मशीनों का हैंड्स ऑन प्रेक्टिस करें, ताकि आप सभी मशीनों से परिचित हो सके। इस दौरान उन्होंने मॉक पोल, मतदान दिवस के दिन सर्वप्रथम किए जाने वाले कार्य, मतदान समाप्ति पश्चात की प्रक्रिया, पर्ची प्रदान करने संबंधी जानकारी, सीआरसी, बैठक व्यवस्था, वेब कॉस्टिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अधिकरियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को ईडीसी के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने मतदान दिवस पर मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान देने के साथ ही मतदान दिवस को ध्यान रखने योग्य प्रमुख बातों/कठिनाइयों से अवगत कराते हुए उनका निदान करने संबंधी भी जानकारी दी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार हरनंदन बंजारे सहित मतदान कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिहान समूह की महिलाएं रैली और नारा से कर रही मतदाता जागरूकता




**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान में मतदान के महत्व को ग्रामीण, शहरी, दिव्यांग, युवा, सभी प्रकार के मतदाताओं को समझाने और उनके मतदान के उपयोग के लिए प्रेरित करने हेतु बीएलओ और बिहान समूह की महिलाओं ने अपना एकमात्र उद्देश्य बना लिया है। निर्वाचन गतिविधियों में वे सम्मिलित होकर लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक सेतु का कार्य कर रही हैं। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गोड़म में बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता स्वीप अंतर्गत सामूहिक मतदाता शपथ ली। इसके साथ ही गांव की गलियों में सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो बोट देहे बर का नारा लगायीं। गांव के खेत-खलिहान क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण श्रमिकों के कार्यस्थल में भी मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से यह जनजागरूकता के लिए अभियान के रूप में पूरे जिले में किया जा रहा हैं।

## वोटर हेल्पलाइन एप एवं भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं मतदाता सूची में अपना नाम, मतदान केंद्र और मतदान तिथि की जानकारी

**रायगढ़**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए देश में निर्वाचन संबंधी जानकारी आम जनता तक सरलता से पहुँचाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग प्रयासरत है। आयोग ने कई मोबाइल एप और पोर्टल के माध्यम से से चुनाव के प्रक्रिया की जानकारी सभी मतदाताओं को पहुँचाने का काम किया है। 'वोटर हेल्पलाइन' एप निर्वाचन से जुड़ी सभी जानकारी पाने के लिए उपयोगी है। इसी प्रकार मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट https://elections24.eci.gov.in में भी जाकर निर्वाचन से जुड़ी जानकारी जैसे मतदाता सूची में अपना नाम खोजना, मतदान केंद्र, मतदान तिथि व समय की जानकारी प्राप्त कर सकते है।




मतदाता सूची में नाम- इस एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं।

वोटर रजिस्ट्रेशन और सुधार- मतदाता अपना मतदाता सूची में नाम रजिस्टर्ड नहीं है तो इस ऐप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना वोटर 10 अप्रैल तक रजिस्टर कर सकते हैं।

वोटर स्लिप डाउनलोड- ऐप से वोटिंग के लिए इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं।

चुनाव से जुड़ी जानकारी- ऐप पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां, रिजल्ट अपडेट और उम्मीदारों के बारे में डिटेल्स जान सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम कैसे खोजें-वोटर हेल्पलाइन एप की मदद से यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं, इसके साथ ही इलेक्टोरल लिस्ट डाउनलोड भी कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम सर्च करने के लिए आपको एप के होम पेज पर दिख रहे सर्च बार पर क्लिक करना है। सर्च बार पर टैप करते ही नया पेज ओपन होगा, जहां मोबाइल नंबर, क्यूआर कोड, डिटेल्स या इपिक नंबर डालकर यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढ सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम खोजना- नाम, पिता/पति के नाम, जन्मतिथि, उम्र, लिंग, राज्य या चुनावी क्षेत्र की जानकारी के जरिए मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं।

इपिक से खोजें-अगर आपके पास वोटर आई कार्ड हैं तो इपिक (मतदाता फोटो पहचान पत्र) नंबर डालकर नाम खोज सकते हैं।

मोबाइल नंबर-अगर आपको मोबाइल नंबर वोटर आईडी से लिंक है तो आप अपने मोबाइल नंबर के जरिए भी मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह एप मतदाता सूची, वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म, मतदाता कार्ड में नाम पता में सुधार (मॉडिफिकेशन) डाउनलोड डिजिटल फोटो वोटर स्लिप, शिकायत, उम्मीदवार की डिस्प्ले, रियल टाइम इलेक्शन रिजल्ट डेटा जैसी अहम जानकारी मतदाता और नागरिक को प्रदान करता है। एप यूजर्स को इपिक कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक करने की सुविधा भी देता है।

## 83 गांवों में बी-1 वाचन थीम पर राजस्व शिविर का किया गया आयोजन

**कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की पहल : शिविर के दौरान किया गया सामूहिक मतदाता शपथ**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) सारंगढ़ वासु जैन के नेतृत्व में राजस्व मामलों में त्वरित निराकरण के लिए ''बी-1 वाचन'' थीम पर 5 अप्रैल 2024 को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से जिले के 83 गांवों में बी-1 वाचन का ग्रामीणों के मध्य पटवारी एवं राजस्व अमलों के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। इसमें भूमि स्वामी के मृत्यु उपरांत उनके राजस्व रिकार्ड में नाम हटाने के लिए (फौती) 350 से अधिक प्रकरण प्राप्त किए। इसी प्रकार राजस्व कार्य संबंधी के अन्य आवेदन 500 से अधिक प्राप्त हुए। इस अभियान के दौरान



1400 नागरिकों ने मतदाता जागरूकता का सामूहिक शपथ लिया। इस अभियान से जिले के भूमि स्वामियों को उनके कई प्रकार के समस्या का समाधान और राजस्व मामलों में राजस्व प्रशासन का अमला उनके घर पहुंच सेवा प्रदान किया है।

भुइया कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के द्वारा इसे डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया गया है, लेकिन अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने के कारण इसका लाभ नहीं ले पा रहे है, जिसके लिए कलेक्टर साहू के निर्देश पर किए गए अभियान चलाकर इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य था कि जिले के नागरिकों को उनकी राजस्व भूमि के संबंध में जानकारी मिले। उनका नाम, उनके भूमि रिकार्ड में है कि नहीं। इसका पता सावर्जनिक रूप से चौपाल के माध्यम से उनके गांव, मोहल्ला आदि में मिले। राजस्व अमला द्वारा एक दिवसीय शिविर के माध्यम से भूमि के खसरा नंबर, भूमि स्वामी का नाम, भूमि स्वामियों के संबंधियों का नाम आदि को पढ़कर उनको जानकारी दी गई और साथ ही किसी प्रकार का दावा-आपत्ति को निराकरण के लिए स्वीकार किया गया। वर्तमान में बी-1 खसरा (भुईंया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन) ऑनलाइन छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग ने बी-1 खसरा ऑनलाइन चेक एवं डाउनलोड करने की सुविधा दिया है। बी-1 खसरा ऑनलाइन अपने मोबाइल या कंप्यूटर में भुईंया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट से निकाल सकते हैं। डिजिटल हस्ताक्षरित खतौनी (बी1) डाउनलोड कर सकते हैं। खतौनी यानि बी-1 महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसे अधिकतर सरकारी कार्यो में उपयोग में लाया जाता है। राजस्व संबंधी या अन्य किसी मामले में यह बी-1 दस्तावेज किसान या भूमि स्वामी का ऑनलाइन रिकार्ड है, जिसे साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया जा सकता है। इस आयोजन के दौरान तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, राजस्व सहयोगी, कोटवार के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन उपस्थित थे। जिला प्रशासन के सभी दलों के द्वारा मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## नगर पंचायत सरिया में होर्डिंग के माध्यम से किया जा रहा मतदाता जागरूकता

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**




भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव का पर्व देश का गर्व मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जनसामान्य तक अन्य माध्यम से पहुंचने के लिए नगर पंचायत सरिया में होर्डिंग के माध्यम से मतदाताओं को आकर्षित किया गया। चन्द्रपुर रोड पर स्थित होर्डिंग में नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए नारा के माध्यम से प्रेरित किया गया है। इन होर्डिंगों में छत्तीसगढ़ी में लिखा गया है ''हमर मतदान, लाही लोकतंत्र में जान'', इसी प्रकार एक अन्य में हिन्दी में लिखा गया ''हम युवा, भविष्य हैं देश के, हम मतदान अवश्य करेंगे। होर्डिंग से मतदान का प्रचार माध्यम मतदाताओं के स्वप्रेरणा की विचार को जागृत करने के लिए किया गया है, ताकि मतदाता अपने दैनिक कार्य में आते-जाते इन होर्डिंग को देखकर अपने मतदाता होने के दायित्व का निर्वहन गरिमा पूर्ण ढंग से करें।

## नशीले मनोत्तेजक कैप्सूल एवं टेबलेट बिक्री करने वाले तीन युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

- **सायबर सेल कोरबा एवं उरगा पुलिस के द्वारा नशीले कैप्सूल एवं टेबलेट बिक्री करने वाले 03 आरोपीयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**
- **आरोपीयों से 45320 नग नशीले कैप्सूल एवं टेबलेट कीमती रकम 2,06,294 को किया गया जप्त**

**कोरबा-रायपुर । आरएनएस**

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा नशीले पदार्थ का व्यापार करने वाले तथा अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू.बी.एस चौहान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र मीना एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात किये गए हैं जिनसे लगातार सूचना प्राप्त कर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में पुलिस के द्वारा सजग कोरबा अभियान के तहत लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सायबर सेल कोरबा की टीम शहर में पेट्रोलिंग दौरान के मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि बरबसपुर बाईपास रोड उरगा क्षेत्र में कुछ व्यक्ति अवैध नशीला मनोत्तेजक पदार्थ रखकर बिक्री करने की फिराक में घूम रहे है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्संबंध में अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किया गया बाद मुखबिर के बताये स्थान पर सायबर सेल की टीम एवं उरगा पुलिस के द्वारा पहुंचकर घेराबंदी की कार्यवाही किया गया वहां पर एक व्यक्ति मिला जिसे अपना नाम अमन साडें पिता विनोद साण्डे उम्र 23 वर्ष बरबसपुर थाना उरगा जिला कोरबा बताया जिसके पास से गाजरी कलर के पॉलीथिन थैली में अवैध नशीला मनोत्तेजक पदार्थ पैकेट में मिला इस संबंध में उससे पूछताछ करने पर उसने अपने अन्य दो साथियों का नाम बताया। अमन के निशानदेही पर परमेश्वर केवट टंकेश्वर उर्फ टिंकू राठौर को पकडऩे के लिए टीम रवाना हुआ जो संदेही पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिन्हे दौड़ाकर पकड़ा गया जो नाम, पता पूछने पर अपना नाम परमेश्वर केवट पिता स्व. दाउ राम उम्र 28 वर्ष साकिन खोकसा थाना नैला जिला जांजगीर-चांपा तथा दूसरा व्यक्ति अपना नाम टंकेश्वर उर्फ टिंकू राठौर पिता स्वर्गीय लल्ला राठौर उम्र 27 वर्ष साकिन सारागांव जांजगीर चांपा का होना बताये। जिनको विधिवत् कार्यवाही करते हुये तलाशी लेने पर पॉयवान स्पा प्लस का 47 पैकेट में कुल 11520 कैप्सूल, एल्प्राजोलम 0.5 का 52 पैकेट में कुल 31200 नाइट्रोजम 10 का 26 पैकेट में कुल 2600 टेबलेट को बरामद कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों के कब्जे से अवैध नशीला मनोत्तेजक पदार्थ टैबलेट 45320 नग कुल कीमती रकम 2,06,294 को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीयों का उपरोक्त कृत्य धारा 21 (ष्ट) एन.डी. पी.एस. एक्ट का घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

## ऑनलाईन धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी पकड़ाए

**सरगुजा । आरएनएस**

सरगुजा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत् प्रकरण के आरोपियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी त्वरित एवं तेजी से की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ऑनलाईन धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी गई है।



मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 19/02/2024 को मामले का प्रार्थी गुरभेज सिंह छाबड़ा पिता रघुवीर सिंह छाबड़ा निवासी उम्र 45 वर्ष निवासी गुरूद्वारा वार्ड अम्बिकापुर, जिला सरगुजा के द्वारा इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया गया, कि दिनांक 15/12/2023 को उसके इंस्टाग्राम में एक ट्रेडिंग ग्रुप गोल्डन सच्स एक्वॉलिटी एसेस्ट मैनेजमेण्ट ग्रुप 356 में ज्वाईंन किया गया था। उक्त ग्रुप में आरोपियों द्वारा पीड़ित को प्रलोभन देकर फर्जी ट्रेडिंग एप्प के बारे में अवगत कराया गया और जीएसआईएन ट्रेडिंग फर्जी एप्प को डाउनलोड कराया गया। आरोपियों द्वारा योजनाबद्व तरीके से पीड़ित को प्रलोभन देकर फर्जी एप्प के कस्टमर सर्विस सेण्टर द्वारा अलग-अलग बैंक के खाता नम्बर देकर कुल ठगी राशि 7 लाख 35000 रूपये मंगाया गया। घटना क्रम में पहले तो दिनांक 10 से 23 जनवरी 2024 तक आरोपियों द्वारा पीड़ित को प्रलोभन के नाम पर 10,049/- रूपये आहरित करने दिया गया। लेकिन उसके बाद जब दिनांक 07 फरवरी से 17 फरवरी तक पीड़ित द्वारा राशि आहरित करने प्रयास किया गया, तो उस फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म द्वारा स्वीकृति नहीं दी गई। दिनांक 15 फरवरी को संबंधित व्हॉट्सअप ग्रुप से भी आरोपियों द्वारा पीड़ित को पृथक कर दिया गया। इस प्रकार उक्त घटना क्रम में आरोपियों द्वारा पीड़ित को प्रलोभन देकर अलग-अलग दिनांक को अलग-अलग बैंकों के खाते में कुल 735000/- रूपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी की गई है। जिस पर सदर धारा 420 भादसं एवं 66(डी) आईटी एक्ट का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मामले में प्रकरण पंजीबद्व उपरांत सायबर सेल टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों को चिन्हांकित कर नागपुर (महाराष्ट्र) से आरोपीगण (01) स्वप्निल चिचगरे उम्र 25 वर्ष (02) राहुल सरोज उम्र 25 वर्ष (03) प्रचीत कुमार येंडे उम्र 33 वर्ष सभी निवासी नागपुर महाराष्ट्र से सायबर सेल टीम और थाना कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास के बाद घेराबंदी कर पकडऩे में सफलता हासिल हुई है। जिनके विरूद्ध वैधानिक/गिरफ्तारी कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480